Dainik Jagran 13.3.12 Page. 11
Editon: National

मित्सुबिशी भी उतारेगी छोटी कार!

■ जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

भारतीय कार बाजार में प्रवेश करने में काफी देर कर चुकी जापानी कंपनी मित्सुबिशी अब यहां की छोटी कार बाजार में उतरने पर विचार कर रही है। मित्सुबिशी थाइलैंड, चीन सहित कुछ एशियाई बाजारों के लिए नई छोटी कार तैयार कर रही है। इसे आगे चलकर भारत में भी उतारा जा सकता है। कंपनी भारत में अपने दम पर ही निर्माण इकाई स्थापित करने की संभावना भी तलाश रही है।

मित्सुबिशी का इस समय बिड़ला समूह की हिंदुस्तान मोटर्स के साथ समझौता है। इसके जरिए ही कंपनी प्रीमियम वर्ग में कुछ कार मॉडल यहां बेचती है। सोमवार को कंपनी की तरफ से अपने सबसे लोकप्रिय मॉडल का नया वैरिएंट पजेरो स्पोर्ट लांच किया गया। एसयूवी वर्ग का यह वाहन एक खास वर्ग में काफी तेजी से पहचान बना रहा है। दिल्ली में इसकी एक्स शोरूम कीमत 23.53 लाख रुपये रखी गई है। हिंदुस्तान मोटर्स के निदेशक ए शंकर नारायणन ने बताया कि अभी पजेरो पूरी तरह से बाहर से निर्मित हो कर आता है, जिससे इसकी कीमत ज्यादा होती है। इस वर्ष के अंत से इसके कुछ हिस्सों का निर्माण कंपनी के चेन्नई स्थित प्लांट में होने लगेगा। भारत में निर्माण होने से इसकी कीमत में कटौती की संभावना है।

पजेरो का नया वर्जन उतारा, दिल्ली में कीमत 23.53 लाख रुपये

मित्सुबिशी अपनी हमवतन कंपनियों मसलन टोयोटा, सुजुकी, होंडा के मुकाबले भारतीय बाजार में काफी पीछे है। कंपनी के अधिशासी अधिकारी मासाहिको यूएकी ने स्वीकार किया कि भारत में प्रतिस्पर्द्धा इतनी कड़ी हो गई है कि नई कंपनियों के लिए बिक्री बढ़ाना काफी मुश्किल होगा। उन्होंने संकेत दिए कि थाइलैंड के बाजार के लिए तैयार किए जा रहे 1200 सीसी इंजन क्षमता वाले नए मॉडल को भारत में उतारने पर विचार हो सकता है। यह छोटी हैचबैक कार है। इसकी लांचिंग सितंबर-अक्टूबर, 2012 तक होगी।

मित्सुबिशी भारत में ला सकती है छोटी कार

नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो : भारतीय कार बाजार में प्रवेश करने में काफी देर कर चुकी जापानी कंपनी मित्सुबिशी अब यहां की छोटी कार बाजार में उतरने पर विचार कर रही है। मित्सुबिशी थाइलैंड, चीन सहित कुछ एशियाई बाजारों के लिए नई छोटी कार तैयार कर रही है। इसे आगे चलकर भारत में भी उतारा जा सकता है। कंपनी भारत में अपने दम पर ही निर्माण इकाई स्थापित करने की संभावना भी तलाश रही है। मित्सुबिशी का इस समय बिड़ला समूह की हिंदुस्तान मोटर्स के साथ समझौता है। इसके जरिए ही कंपनी प्रीमियम वर्ग में कुछ कार मॉडल यहां बेचती है। सोमवार को कंपनी की तरफ से अपने सबसे लोकप्रिय मॉडल का नया वैरिएंट पजेरो स्पोर्ट लांच किया गया। यह वाहन एक खास वर्ग में काफी तेजी से पहचान बना रहा है। इसकी कीमत 23.53 लाख रुपये है। हिंदुस्तान मोटर्स के निदेशक ए शंकर नारायणन ने बताया कि अभी पजेरो पूरी तरह से बाहर से निर्मित हो कर आता है, जिससे इसकी कीमत ज्यादा होती है।

12,13,14,15